# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 09.09.2023

**1. थाना फेस-1 पुलिस द्वारा, नोएडा व एनसीआर क्षेत्र में अलग-अलग कम्पनियों में नौकरी लगवाने के नाम पर पैसा लेकर धोखाधड़ी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 3 स्मार्ट फोन, 10 की-पैड फोन, 16 वर्क कालिंग डाटा, 4 वर्क पिच व एक लेपटोप मय प्रिंटर बरामद।**

**घटनाक्रम का विवरण--** दिनांक 09.09.23 को थाना फेस-1 पुलिस द्वारा अलग-अलग कम्पनियों में नौकरी लगवाने के नाम पर पैसा लेकर धोखाधड़ी करने वाले 02 अभियुक्त 1.सतीश राज पुत्र बलेन्द्र कुमार 2.अमित कुमार पुत्र सिकेन्द्र कुमार को ए- 44, सेक्टर-16, नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण, आम नागरिकों को विभिन्न कम्पनियों जैसे अमेजोन, ल्यूपिन, टाटा मोटर्स, मारुति एवं बैंको में नौकरी दिलाने के नाम पर नौकरी के इच्छुक व्यक्तियों को कॉल करते थे, कालिंग डाटा ये लोग नेट से प्राप्त कर लेते थे तथा कालिंग डाटा मे से व्यक्ति की योग्यता के अनुसार उसे कम्पनी बताकर नौकरी लगवाने के लिए उन्हें काल करते थे तथा जब व्यक्ति पूरी तरह से तैयार हो जाता था तो उससे शुरुआती प्रोसेस शुल्क के नाम पर उससे 1800 रुपये से लेकर 2100 रुपये तक अपनी फर्जी यूपीआई/बैंक खाता पर ट्रासन्फर करा लेते थे। ये लोग रोजाना कालिंग डाटा से सैकडों लोगों को काल करते हैं, जो व्यक्ति इनके झांसे में फंस जाता था उससे ये लोग ऑनलाइन धोखाधडी करके अपने खाते में पैसें डलवा लेते हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. सतीश राज पुत्र बलेन्द्र कुमार निवासी देव, थाना देव, जिला औरंगाबाद, बिहार वर्तमान पता शिवजी के मन्दिर के सामने किराये का मकान, सेक्टर-05, हरौला, नोएडा, थाना फेस-1, गौतमबुद्धनगर उम्र 28 वर्ष।
2. अमित कुमार पुत्र सिकेन्द्र कुमार निवासी ग्राम परसी, थाना फैसर, जिला औरगांबाद, बिहार वर्तमान पता शिवजी के मन्दिर के सामने किराये का मकान, सेक्टर-05, हरौला, नोएडा, थाना फेस-1, गौतमबुद्धनगर उम्र 20 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण--**

1. 3 स्मार्ट फोन
2. 10 की-पैड फोन
3. 16 वर्क कॉलिंग डाटा शीट
4. 4 वर्क पिच
5. एक लेपटॉप
6. एक प्रिंटर एचपी कंपनी